प्रथम अपील अधिकारी, सूचना का अधिकार अधिनियम
एवं जिला कलक्टर उदयपुर
निर्णय द्वारा अध्यासित गौरव अग्रवाल आई.ए.एस.

प्रकरण संख्याः 84/**2026** (अपील सूचना का अधिकार)

दिनेश सोनी पिता स्व. श्री गणपत सोनी, 42/3 मोती चौहट्टा उदयपुर

..............अपीलार्थी

बनाम

सहायक लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी बड़गांव, उदयपुर (राज.)

..................प्रत्यर्थी

प्रथम अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

निर्णय

दिनांकः 21/04/2026

प्रकरण में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत एक अपील प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकारी अधिनियम के तहत दिनांक 18.02.2026 को ऑनलाईन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर प्रत्यर्थी द्वारा प्रकरण संख्या 26/2019 मे श्री ख्याली लाल डांगी पिता श्री रूपा डांगी निवासी मदार तहसील बड़गांव उदयपुर के विरूद्ध राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 के अन्तर्गत गांव मदार तहसील बड़गांव उदयपुर स्थित कृषि भूमि की नीलामी कार्यवाही से सम्बन्धित दस्तावेज उपलब्ध कराने हेतु निवेदन किया गया। प्रत्यर्थी द्वारा उक्त सूचना उपलब्ध नही कराने से प्रथम अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील अपीलार्थी दर्ज रजिस्टर की जाकर प्रत्यर्थी से अपील पर जवाब तथा सूचना उपलब्ध कराने हेतु ऑनलाईन नम्बर 7386806056 दिनांक 23.03.2026 एवं पत्र क्रमांक रीडर/सू.अ. 2005/प्रथम अपील/84/26/461-62 दिनांक 23.03.2026 से लिखा गया। परन्तु प्रत्यर्थी द्वारा कोई प्रत्युत्तर अथवा सूचना आदिनांक तक इस कार्यालय में प्रस्तुत नहीं की गई।

अपीलार्थी द्वारा उपस्थित होकर पुनः निवेदन किया गया कि वांछित सूचना आज दिनांक तक उपलब्ध नही कराई गई है अतः सूचना उपलब्ध कराई जावे।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रकरण में अपीलार्थी द्वारा मदार में स्थित कृषि भूमि की नीलामी कार्यवाही से सम्बन्धित सूचना चाही गई है। प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को प्रेषित किये गये प्रत्युत्तर का भी अवलोकन किया गया जिसके अनुसार सूचना पर व्यक्ति से सम्बन्धित होने, प्रश्नवाचक होने एवं तामिली कार्य तहसील कार्यालय बड़गांव से किये जाने से सूचना उपलब्ध नहीं करवायी गई है। अपीलार्थी द्वारा नीलामी कार्यवाही से सम्बन्धित सूचना चाही गई है जो कि व्यक्तिगत सूचना की श्रेणी मे नही आती है।

अतः अपील अपीलार्थी आंशिक स्वीकार की जाकर सहायक लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी बड़गांव को ग्राम मदार की कृषि भूमि नीलामी से सम्बन्धित पत्रावली संख्या 26/2019 सम्पूर्ण पत्रावली की प्रति एवं तहसीलदार बड़गांव को तहसील बड़गांव से सम्बन्धित सूचनाएं अपीलार्थी को नियमानुसार उपलब्ध कराने हेतु आदेशित किया जाता है। साथ ही प्रत्यर्थी को हिदायत दी जाती है कि भविष्य में अपील में नियत समय में प्रत्युत्तर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करावें।

निर्णय की प्रति सहायक लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी बड़गांव एवं तहसीलदार बड़गांव, उदयपुर को पालनार्थ एवं अपीलार्थी को सूचनार्थ प्रेषित की जावें।

पत्रावली फैसल शुमार हो, बाद कार्यवाही दाखिल दफ्तर हो।

(गौरव अग्रवाल)
प्रथम अपील अधिकारी,
सूचना का अधिकार अधि. एवं
जिला कलक्टर, उदयपुर

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2026.04.21 16:26:15 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 21726548
M e-Sign